

अखिलेश यादव

मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

लाल बहादुर शास्त्री भवन
लखनऊ

दिनांक : 14 दिसम्बर, 2016

# संदेश

हर्ष का विषय है कि लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी का 14वां वार्षिकोत्सव 'अवतरण-2016' दिनांक 23 दिसम्बर, 2016 को कानपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर एक स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी।

हमारे देश एवं प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा रही है। इस समृद्ध विरासत में कलाकारों का महत्वपूर्ण योगदान है। अकादमी द्वारा प्रख्यात शास्त्रीय गायिका श्रीमती गिरिजा देवी को सम्मानित किया जाना सराहनीय है। मुझे आशा है कि संस्था की स्मारिका में ऐसी सामग्री प्रकाशित की जाएगी, जो सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

आयोजन की सफलता एवं स्मारिका के उद्देश्यपरक प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(अखिलेश यादव)